Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **बीकानेर में कार्यालय उप महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक का वरिष्ठ सहायक 1 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**
- **आवास एवं अन्य ठिकानों पर तलाशी जारी**

जयपुर, *28 जुलाई, शुक्रवार* / ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर बीकानेर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये आशीष तम्बौली वरिष्ठ सहायक, कार्यालय उप महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक, बीकानेर को परिवादी से 1 **हजार रूपये** की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक (अतिरिक्त चार्ज) श्री हेमन्त प्रियदर्शी ने बताया कि ए.सी.बी. की बीकानेर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि रजिस्ट्री की नकल देने की एवज में आशीष तम्बौली वरिष्ठ सहायक, कार्यालय उप महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक, बीकानेर द्वारा 1 **हजार रूपये** रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी, बीकानेर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री हरेन्द्र महावर** के निर्देशन में एसीबी की बीकानेर इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री महावीर शर्मा** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज **पुलिस निरीक्षक श्री आनन्द मिश्रा** द्वारा मय टीम ट्रेप कार्यवाही करते हुये आशीष तम्बौली पुत्र श्री नवरतन तम्बौली निवासी लक्ष्मीनाथ घाटी के पास, बीकानेर हाल वरिष्ठ सहायक, कार्यालय उप महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक, बीकानेर को परिवादी से **1 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी के महानिरीक्षक पुलिस श्री सवाई सिंह गोदारा के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक, श्री हेमन्त प्रियदर्शी ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.* 1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.* 94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।** विदित रहे कि एसीबी राजस्थान राज्य में राज्य कर्मियों के साथ–साथ केन्द्र सरकार के कार्मिकों के विरूद्ध भी कार्यवाही करने को अधिकृत है।